**खबर संक्षेप**

### उप मुख्यमंत्री ने फुटबॉल खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



**शहडोल।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने धनपुरी में आयोजित अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता में सहभागिता करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से स्थानीय युवाओं को खेल कौशल एवं आधुनिक तकनीकों की जानकारी मिलती है, साथ ही उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने एवं निखारने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में खेलो इंडिया एवं फिट इंडिया जैसे अभियान संचालित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना है। उन्होंने स्थानीय खिलाड़ियों से प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत खेले गए सेमीफाइनल मैच में टीम चर्चा एवं नागपुर के मध्य मुकाबला हुआ, जिसमें नागपुर की टीम ने 3-0 से विजय प्राप्त की। इस अवसर पर विधायक जयसिंह मरावी, जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रविंद्र कौर छाबड़ा, सहायक संचालक खेल रईस अहमद सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

### लग्जरी बलेनो से हो रही गांजा तस्करी का भंडाफोड़

**शहडोल।** जिले में नशे के बढ़ते कारोबार की कमर तोडऩे के लिए जयसिंहनगर पुलिस ने एक बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की है। 8 जनवरी की रात पुलिस ने चूंदी नदी के पास एक दुस्साहसिक कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी के बड़े नेटवर्क को बेनकाब किया। नशे के सौदागर एक बिना नंबर की चमचमाती न्यू बलेनो कार का इस्तेमाल गांजे की सप्लाई के लिए कर रहे थे, लेकिन मुखबिर की सटीक सूचना ने उनके मंसूबों को मिट्टी में मिला दिया।

**घेराबंदी देख भागे मुख्य आरोपी**

पुलिस को सूचना मिली थी कि बसोहरा निवासी सचिन द्विवेदी अपनी कार में गांजा लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। जैसे ही पुलिस टीम चोपड़ा के पास पहुँची, वहां अफरा-तफरी मच गई। पुलिस को देखते ही मुख्य सरगना सचिन द्विवेदी और उसका साथी आलोक केवट अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। हालांकि, पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मौके से दो अन्य आरोपियों, अंचल शर्मा (निवासी बुढ़ार) और दीपक चतुर्वेदी (निवासी देवरी) को धर दबोचा।

**डिक्की खोलते ही उड़े होश**

जब पुलिस ने बिना नंबर की सफेद बलेनो की तलाशी ली, तो डिक्की से 3 किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से बलेनो कार, एक पल्सर मोटरसाइकिल, 40 हजार रुपये नगद और तीन मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त की गई कुल सामग्री की कीमत लगभग 9.64 लाख रुपये आंकी गई है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि सचिन द्विवेदी माल सप्लाई का मास्टरमाइंड है और आलोक केवट बाइक के जरिए इसकी होम डिलीवरी करने वाला था।

## गुमशुदा, तस्करी या दो आदिवासी छात्राओं का अपहरण

# पुलिस का सूचना तंत्र सहित छात्रावास की व्यवस्था फेल

**शहडोल के एक ही छात्रावास से एक-एक कर दो बच्चियां गायब**

आदिवासी छात्राओं को मुख्यधारा से जोडऩे के लिए सरकार करोड़ों खर्च कर उनके लिए छात्रावास से लेकर रहने, खाने व अध्ययन की हर सुविधा उपलब्ध करा रही है, इन सबके बीच जिले के एक ही छात्रावास से एक-एक कर दो छात्राएं गायब हो जाती है, पुलिस अपहरण का मामला दर्ज करती है, परिजन गुमशुदगी बताते हैं और चौराहों पर प्रशासन की नाकामी की चर्चाएं जमकर हो रही है।





**शहडोल।** जिन बच्चियों को परिजनों ने अपना मन मजबूत कर घर से कोसों दूर जनजातीय कार्य विभाग के अधीन संचालित छात्रावासों को सौंपा था, जब विभाग नाकाम हुआ तो, एक-एक कर बच्चियां गायब होने लगी, 28 दिसम्बर के बाद 8 जनवरी को कंचनपुर स्थित छात्रावास से दो बच्चियां गायब हो गई। विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर इसे दुर्भाग्य पूर्ण बताते हुए पदस्थ अधीक्षकों को निलंबित तो कर दिया, लेकिन इस मामले में न तो असिस्टेंट कमिश्नर आनंद राय सिन्हा और न ही कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ही संजीदा नजर आ रहे हैं, बकौल आनंद राय यह मामला पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। जल्द ही छात्राओं को खोज लिया जायेगा। छात्राओं के गायब होने के पीछे के कारणों को तलाशने और हल करने की जगह प्रशासन बच्चियों का मामला बताते हुए इसे पर्दे में रखने व्यस्त है।

### गायब होने के दूसरे दिन जागा विभाग

दोनों ही छात्राओं के गायब होने के तत्काल बाद विभाग और वहां पदस्थ कर्मचारियों को इसकी जानकारी लग जानी चाहिए थी, लेकिन छात्राओं के गायब होने के अगले दिन विभाग सहित छात्रावास को इसकी भनक लगी। तब कहीं जाकर सोहागपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। विभाग के अंदरखाने में इस मामले में क्या चल रहा है, यह तो वही जाने, लेकिन एक ही छात्रावास से छात्राओं का गायब होने का मामला चर्चाओं में है।

### अपहरण का मामला दर्ज

माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिषर सोहागपुर में एक 12 की छात्रा के लापता होने के बाद एक और 10 वीं की छात्रा लापता होने से हडक़ंप मचा गया है, छात्राओं के लापता होने के मामले में संबधित विभाग ने दो अधीक्षिका को निलंबित कर दिया है, वहीं छात्राओं के लापता होने के मामले में सोहागपुर थाने में हुई शिकायत पर से सोहागपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही है।

### दो अधीक्षिका निलंबित

कंचनपुर पर स्थित माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिषर सोहागपुर से 28 दिसंबर को कक्षा 12 वीं की एक छात्रा हॉस्टल से अपने मामा के साथ घर जाना बताकर हॉस्टल से निकली और घर नहीं पहुंची लापता हो गई, जिस पर अधीक्षिका सुलोचना बट्टे ने मामले की सोहागपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई, अधीक्षिका की शिकायत पर सोहागपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर मामले की पड़ताल कर ही रही थी कि हॉस्टल से एक और छात्रा के लापता होने की शिकायत थाने में आ गई, माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर सोहागपुर की कक्षा 10 वीं की छात्रा 8 जनवरी को अपने नाना के साथ दो अन्य छात्राओं के साथ हॉस्टल पहुंची, जहां उनकी दोनों सहेलियां हॉस्टल चली गई, लेकिन उक्त छात्रा मुंह में कपड़ा बांधकर हॉस्टल के बाहर अपनी बहन को छोडऩे जाने की बात कहर कर बाहर निकली और वापस नहीं लौटी।

### नई अधीक्षिका हुई पदस्थ

शिक्षा परिसर के जिम्मेदारों को तब लगा जब रोल कॉल में छात्रा उपस्थिति नहीं थी, तो तब हॉस्टल में हडक़ंप मच गया, छात्रा के लापता होने पर प्राचार्य देवेंद्र श्रीवास्तव ने मामले की शिकायत सोहागपुर थाने में की, प्राचार्य की शिकायत पर सोहागपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर पड़ताल में जुट गई है। वहीं छात्रा के लापता होने के बाद संबंधित विभाग ने अधीक्षका सुलोचना बट्टे को निलंबित कर दिया, इस दौरान विभाग ने चन्द्र कला अधीक्षिका के रूप में पदस्थ किया, लेकिन वह ज्वाइन नहीं की, जिस पर विभाग ने अधीक्षिका चन्द्र कला को भी निलंबित कर दिया है, वहीं अब श्रीमती ममता सिंह को अधीक्षिका के रूप में पदस्थ किया है।

**शहडोल जिला अस्पताल या यमराज का वेटिंग रूम**

## नर्स दे रही बेहोशी का इंजेक्शन, जोखिम में जान



**एनेस्थीसिया विशेषज्ञ गायब, नर्स के भरोसे ऑपरेशन की मेज**

**दूसरी बार वायरल फोटो ने उड़ाई प्रबंधन की नींद**

**शहडोल।** जिला चिकित्सालय का ऑपरेशन थिएटर इन दिनों मरीजों की जान बचाने के लिए नहीं, बल्कि मौत के साथ जुआ खेलने के लिए चर्चा में है। यहां एनेस्थीसिया (बेहोशी) जैसे अति-संवेदनशील काम को विशेषज्ञों के बजाय नर्सों के भरोसे छोड़ दिया गया है। कुछ दिन पहले नर्स द्वारा इंजेक्शन लगाने की तस्वीर वायरल होने के बाद भी अस्पताल प्रबंधन नहीं जागा और अब उसी नर्स की दूसरी तस्वीर ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को पूरी तरह साफ कर दिया है।

### साहब कहते रहे सब ठीक है

पहली फोटो वायरल होने पर सर्जन डॉ. अपूर्व पांडेय और विशेषज्ञ डॉ. मनोज जायसवाल ने अंधे होने का नाटक करते हुए सफाई दी थी कि उनके सामने ऐसा कुछ नहीं हुआ, लेकिन दूसरी तस्वीर ने इन सफेदपोशों के झूठ का पर्दाफाश कर दिया है। सवाल यह है कि क्या जिला अस्पताल में नियम सिर्फ कागजों पर हैं। मेडिकल प्रोटोकॉल के मुताबिक एनेस्थीसिया की डोज केवल एक विशेषज्ञ डॉक्टर ही दे सकता है, क्योंकि दवा की कम या ज्यादा मात्रा मरीज को सीधे कोमा या मौत के मुंह में धकेल सकती है।

### जिम्मेदारों की चुप्पी बड़ी अनहोनी का इंतजार

जिला अस्पताल के ओटी में चल रहा यह खतरनाक खेल किसी बड़ी त्रासदी को न्योता दे रहा है। अगर सुई की एक गलत चूक से किसी गरीब की जान गई, तो क्या प्रबंधन उसकी जिम्मेदारी लेगा, लगातार दो बार एक ही नर्स का इंजेक्शन लगाते हुए फोटो सामने आना यह साबित करता है कि यहां लापरवाही गलती नहीं, बल्कि परंपरा बन चुकी है। जिला अस्पताल की यह तस्वीर डरावनी है। अगर अब भी कलेक्टर और स्वास्थ्य विभाग के आला अफसरों ने यहां सर्जिकल स्ट्राइक नहीं की, तो जनता का सरकारी इलाज से भरोसा उठना तय है।

**नौकरी के नाम पर अशोर्ट कंपनी का बड़ा खेल**

## आदिवासी युवती से 1.50 लाख ठगे

**अब मिल रही जान से मारने की धमकी, पुलिस की सुस्ती पर उठे सवाल**

**शहडोल।** जिले में बेरोजगारी का फायदा उठाकर भोले-भाले ग्रामीणों को ठगने वाले गिरोह सक्रिय हैं। सोहागपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एक निजी मार्केटिंग कंपनी डायनमिक बेनीफीशियल एकार्ड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड ने गरीब आदिवासी युवती को नौकरी का झांसा देकर 1.50 लाख रुपये की चपत लगा दी गई। हद तो तब हो गई जब युवती ने अपने पैसे वापस मांगे, तो उसे गंदी गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी तक दे डाली गई।

### सपनों का सौदागर बना अजय और संजू का गिरोह

ग्राम चरकीडोल निवासी फरियादी दुर्गा सिंह पिता रघुवीर सिंह ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे शिकायती पत्र में अपनी आपबीती सुनाई है। दुर्गा के अनुसार उसे सुलोचना सिंह के माध्यम से अजय कुमार कुशवाहा और संजू कुशवाहा निवासी सिंगरौली से मिलवाया गया था। इन



सफेदपोश ठगों ने युवती को 12,000 रुपये प्रति माह की नौकरी का लालच दिया और सिक्योरिटी मनी के नाम पर 1,50,000 रुपये ऐंठ लिए।

### बिना बताए बनाई आईडी

युवती का आरोप है कि ठगों ने चालाकी से उसका मोबाइल लिया और उसकी जानकारी के बिना अशोर्ट ऐप पर उसकी आईडी बना दी। इसके बाद बिना कोई सामान दिए करीब 1.50 लाख रुपये के फर्जी और कूटरचित बिल थमा दिए गए। जब युवती ने नौकरी के लिए दबाव बनाया, तो उसे टालमटोल किया गया। बाद में उसे एक और शर्मनाक ऑफर दिया गया कि अपने किसी रिश्तेदार को फंसाओ और 1.50 लाख जमा करवाओ, तब तुम्हारे पैसे वापस मिलेंगे।

### कर्ज के बोझ तले दबा परिवार

पीड़िता दुर्गा सिंह एक अत्यंत गरीब आदिवासी परिवार से आती है। उसके माता-पिता ने अपनी बेटी के भविष्य के लिए जमीन-जेवर गिरवी रखकर और ऊंची ब्याज दरों पर कर्ज लेकर यह राशि जुटाई थी। आज परिवार कर्ज के दलदल में डूब चुका है, लेकिन सोहागपुर पुलिस ने शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। क्या सोहागपुर पुलिस किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रही है? फरियादिया ने अप्रैल 2025 में ही शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन आज 2026 की शुरुआत तक आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़िता को धमका रहे हैं।

### न्याय की गुहार

फरियादिया ने अब पुलिस अधीक्षक से न्याय की अंतिम उम्मीद लगाई है। उसने मांग की है कि उसकी मेहनत की कमाई 1.50 लाख रुपये वापस दिलाई जाए और इन जालसाजों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाए।

## लालपुर एयरपोर्ट के लिए रोटरी क्लब ने भरी हुंकार!

**शहडोल को वायुमार्ग से जोडऩे के लिए सीएम के नाम ज्ञापन**



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय को एयर कनेक्टिविटी से जोडऩे की मांग अब तेज होने लगी है। इंटरनेशनल समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब शहडोल ने मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर सरोधन सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए शासन की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। क्लब का साफ कहना है कि शहडोल को वायुमार्ग से जोडऩा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी में शामिल है, फिर भी लालपुर हवाई अड्डे का विकास फाइलों में क्यों दबा है?

### उड़ान योजना में शामिल

ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि केंद्र सरकार द्वारा रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (उड़ान योजना) में शहडोल को शामिल किए जाने के बावजूद राज्य सरकार की गति बेहद धीमी है। रोटरी क्लब ने याद दिलाया कि विमानन विभाग के पत्राचार के बाद जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव तो भेजा गया, लेकिन स्थानीय जनता अब कागजी जवाबों से संतुष्ट नहीं है।

### शहडोल के साथ सौतेला व्यवहार बंद करे सरकार

सहायक प्रांतपाल विजय दुबे और अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता ने दो टूक कहा कि शहडोल संभाग के विकास के लिए एयरपोर्ट का निर्माण अब अनिवार्य हो चुका है। स्थानीय नागरिकों की बढ़ती मांग को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। ज्ञापन सौंपते समय पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता, अजय बिजरा, मनीष केजरीवाल, ऋतुराज गुप्ता सहित अन्य सदस्यों ने सरकार से इस दिशा में युद्ध स्तर पर काम करने की मांग की है।



**डीआरएम ने अफसरों को लगाई फटकार**

## अमृत भारत योजना की कछुआ चाल और घटिया क्वालिटी पर गिरेगी गाज

**शहडोल।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नवागंतुक मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन के पहले शहडोल आगमन ने रेलवे महकमे में हडक़ंप मचा दिया है। एक तरफ जहां रेलवे श्रमिक यूनियन ने फूलों के साथ समस्याओं का कांटों भरा ज्ञापन थमाया, वहीं डीआरएम ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे सुस्त और गुणवत्ताहीन कार्यों को देख सख्त तेवर दिखाए।

### दिखावा नहीं, अब काम चाहिए

डीआरएम ने प्लेटफॉर्म पर बन रहे फुट ओवर ब्रिज, रिजर्वेशन ऑफिस और यार्ड में प्रस्तावित प्लेटफॉर्म नंबर 4 व 5 का बारीकी से मुआयना किया। उन्होंने साफ लहजे में अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की गति और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। भुईबांध की तरफ बन रहे नए माल गोदाम और रनिंग रूम के निरीक्षण के दौरान भी अफसरों के पसीने छूट गए।

### नरक बनी रेलवे कॉलोनियां

यूनियन के महामंत्री मनोज बेहरा और सहायक महामंत्री ए.के. मोहती के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डीआरएम को बताया कि रेलवे कॉलोनियां खंडहर में तब्दील हो रही हैं। ड्रेनेज जाम है, सडक़ें गायब हैं और मरम्मत के नाम पर सिर्फ लीपापोती हो रही है। इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग सिंह, वरिष्ठ मंडल अभियंता दीपक आहूजा सहित बिलासपुर के आला अफसर मौजूद रहे।

**ग्वालियर की दूरी और न्याय की मजबूरी**

## शहडोल संभाग के आदिवासियों के साथ कब तक होगा अन्याय

**शहडोल।** प्रदेश का इकलौता संभाग जिसके तीनों जिले आरक्षित हैं और जहां अनुसूचित जाति एवं जनजाति की बहुलता है, आज भी न्याय की चौखट तक पहुंचने के लिए जद्दोजहद कर रहा है। मामला संभागीय मुख्यालय में राजस्व मण्डल ग्वालियर की कैम्प कोर्ट स्थापित न होने का है, जिसे लेकर जिला विकास सलाहकार समिति ने अब सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

### ग्वालियर की दूरी, न्याय में रोड़ा

हर्ष वर्धन सिंह और रमेश त्रिपाठी (विधि सदस्य) ने सीधे तौर पर उप-मुख्यमंत्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल को पत्र लिखकर व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। शिकायत में साफ कहा गया है कि प्रदेश के अन्य संभागों जैसे रीवा में वर्षों से कैम्प कोर्ट लग रही है, तो फिर शहडोल संभाग की जनता इस सुविधा से वंचित क्यों है, प्रदेश के सभी संभागीय मुख्यालयों में शहडोल से ग्वालियर की दूरी सबसे अधिक है। ऐसे में एक गरीब आदिवासी किसान अपनी अपील या निगरानी के लिए ग्वालियर जाने का खर्च कैसे उठा सकता है?

### सफेद हाथी साबित हो रहे नियम

नियमों के मुताबिक, कलेक्टर या कमिश्नर के आदेश के विरुद्ध अपील राजस्व मण्डल में होती है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आर्थिक रूप से कमजोर यहां की जनता पैसे के अभाव में अपने हक की लड़ाई नहीं लड़ पा रही है। शासन एक तरफ सुलभ न्याय की बात करता है, वहीं दूसरी तरफ शहडोल संभाग की फाइलें धूल फांक रही हैं। जिला अधिवक्ता संघ और राजस्व अधिवक्ता संघ ने भी इस मांग का पुरजोर समर्थन किया है। अब सीधे तौर पर प्रभारी मंत्री से मांग की गई है कि ग्वालियर की कैम्प कोर्ट शहडोल में संचालित की जाए, ताकि यहां के गरीबों को सस्ता और शीघ्र न्याय मिल सके।

### उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने लोकतंत्र सेनानी स्व. नरेंद्र दुबे को दी श्रद्धांजलि

**शहडोल।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल शुक्ल ने लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय नरेंद्र दुबे के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके निवास पहुँचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने स्व. दुबे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर संवेदना व्यक्त की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वर्गीय नरेंद्र दुबे लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सच्चे सेनानी थे। आपातकाल के दौरान उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। उनका जीवन देश की भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल देने की प्रार्थना की।

इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय नरेंद्र दुबे के छायाचित्र पर विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी, सदस्य जिला योजना समिति श्रीमती अमिता चपरा सहित अन्य गणमान्य नागरिको ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

**प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कलेक्टेट में ली बैठक**

## 1500 एकड़ जमीन इंडस्ट्रियल पार्क के लिए आरक्षित करने के निर्देश

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के कलेक्टेट सभागार में शुक्रवार को आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक महज एक औपचारिक चर्चा नहीं, बल्कि जिले के विकास का ब्लूप्रिंट साबित हुई। उप-मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कड़े तेवर दिखाते हुए अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया कि केंद्र और राज्य की योजनाओं में सुस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने दो टूक कहा कि अधिकारी प्रोएक्टिव मोड में आ जाएं, क्योंकि अब शहडोल को औद्योगिक क्रांति की दहलीज पर खड़ा करना है।

**औद्योगिक पार्क के लिए 1500 एकड़ का बड़ा टारगेट**

बैठक में प्रभारी मंत्री ने जिले के आर्थिक कायाकल्प के लिए 1500 एकड़ जमीन इंडस्ट्रियल पार्क हेतु आरक्षित करने का फरमान सुनाया। उन्होंने साफ कहा कि हमारे पास जमीन, बिजली और पानी की कोई कमी नहीं है, अब जरूरत है तो केवल निवेश और इच्छाशक्ति की। रीवा की तर्ज पर शहडोल में भी बड़े उद्योगों की स्थापना कर बेरोजगारों को रोजगार से जोडऩा सरकार की पहली प्राथमिकता है।

नगर पालिका शहडोल की कार्यप्रणाली पर नजर रखते हुए डिप्टी सीएम ने 27 करोड़ की लागत वाले एनीकट बैराज और 170 करोड़ की सीवरेज लाइन योजना की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि सीवरेज के कारण बर्बाद हुई सडक़ों का रेस्टोरेशन मार्च तक हर हाल में पूरा हो। साथ ही सोन नदी पर बनने वाले एनीकट का काम युद्ध स्तर पर शुरू करें ताकि इस भीषण गर्मी में जनता को पानी के लिए न भटकना पड़े।

### मेडिकल कॉलेज और शिक्षा

शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रभारी मंत्री ने बड़ी सौगात के संकेत दिए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की सीटों को 100 से बढ़ाकर 200 करने, पीजी कक्षाएं शुरू करने और नर्सिंग कॉलेज के निर्माण में गति लाने के निर्देश दिए। अवैध उत्खनन पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि खनिजों की लूट हर हाल में रुकनी चाहिए।

### सिंचाई का बाणसागर फॉर्मूला

जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए मंत्री शुक्ल ने असफल हो रही एकल नल-जल योजनाओं को बाणसागर परियोजना से जोडऩे का प्रस्ताव तैयार करने को कहा। 2500 करोड़ की माइक्रो इरिगेशन योजनाओं की बाधाएं दूर करने के लिए उन्होंने मौके पर ही भोपाल के आला अफसरों से बात कर समाधान निकाला।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री का भ्रमण कार्यक्रम



**उमरिया।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 10 जनवरी को जिले के भ्रमण पर आएंगे। श्री शुक्ल प्रातः 10.30 बजे बांधवगढ़ से प्रस्थान कर उमरिया पहुंचेगे। प्रातः 11 बजे भाजपा कार्यालय उमरिया में पदाधिकारियो की बैठक में शामिल होंगे।दोपहर 12 बजे से जिला चिकित्सालय उमरिया में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में शामिल होने के साथ ही अस्पताल का निरीक्षण करेंगे।इसके उपरांत दोपहर 1 बजे उमरिया से रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स के लिए लिंक के माध्यम से करें रजिस्ट्रेशन

**उमरिया।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीता राम सत्या ने बताया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत 18 प्रकार के खेल आयोजित किए जाएंगे जिसमें एथलेटिक्स,बैडमिंटन, बॉक्सिंग,हाकी,खोखो,कुश्ती, टेबल टेनिस,योगासन, शतरंज,बास्केटबाल,फुटबाल, कबडडी, क्रिकेट, व्हालीवाल, पिटटू, रस्साकसी , जूडो शामिल है। खेल का आयोजन स्टेडियम,सामुदायिक भवन उमरिया,पीटीएस उमरिया, कृष्णताल,शासकीय उमावि बालक कालरी उमरिया में आयोजित होगा। खेल में एक बालक/बालिका अधिकतम दो गेम मे भाग ले सकेंगे।भाग लेने वाले प्रतिभागियो की उम्र 20 वर्ष के उपर नही होनी चाहिए। उन्होने बताया कि ब्लाक स्तरीय चयन स्पर्धा 11 से 15 जनवरी तक तथा जिला स्तर पर 16 से 20 जनवरी , संभाग स्तर पर 21 से 25 जनवरी तथा राज्य स्तर पर 28 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रस्तावित है।उन्होने बताया कि कुछ ऐसे बच्चे जो अन्य खेल मे भाग लेना चाहते हैं,लेकिन उन खेलों के आयोजन सुविधा यहां नही है तो उन्हें राज्य स्तर पर भेजा जाएगा ।

### घर-घर लिए जा रहे पानी के सैंपल, गुणवत्ता सुधार की कवायद तेज

# गंदे पानी की घटना के बाद शासन अलर्ट









### धनपुरी नगर पालिका मैदान में उतरी, वार्डों में जांच शुरू

**धनपुरी।** इंदौर में गंदा पानी पीने से मरीजों की संख्या बढऩे और हालात बिगडऩे के बाद प्रदेश सरकार पूरी तरह सतर्क हो गई है। इसी क्रम में नगरीय प्रशासन एवं पंचायत विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि सभी शहरों और कस्बों में पेयजल आपूर्ति, पाइपलाइन, टंकियों और फिल्टर प्लांट की तत्काल जांच की जाए। शासन ने यह भी कहा है कि जहां भी खराब गुणवत्ता वाला जल मिलने की आशंका हो, वहां तुरंत सुधारात्मक कार्य किए जाएं और नागरिकों को पूरी तरह शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। निर्देश मिलने के बाद शहडोल जिले के धनपुरी नगर पालिका ने तेजी दिखाते हुए विभिन्न वार्डों में घर-घर पहुंचकर पानी के सैंपल लेने का अभियान शुरू कर दिया है। शुक्रवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री पूजा बुनकर स्वयं टीम के साथ मैदानी निरीक्षण पर निकलीं और जल प्रदाय व्यवस्था को बारीकी से परखा।

### गुणवत्ता जांच अभियान तेज

धनपुरी पालिका क्षेत्र में नल जल योजना और पाइपलाइन आधारित जल प्रदाय व्यवस्था लागू है। शासन ने निर्देश दिया है कि घरों तक पहुंच रहे पानी की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जाए। इसी के तहत पालिका कर्मचारियों ने शुक्रवार को वार्डों में जाकर नागरिकों के घरों से पानी के नमूने लिए। सभी सैंपल लैब परीक्षण हेतु भेजे गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी भी सैंपल में अशुद्धि पाई जाती है तो तुरंत प्रभावित लाइन की मरम्मत, सफाई और आवश्यक सुधार किए जाएंगे।

### डब्ल्यूटीपी प्लांट का औचक निरीक्षण

शासन द्वारा जारी निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट और जल प्रदाय से जुड़े सभी संसाधनों का औचक निरीक्षण किया जाए। इसी उद्देश्य से सीएमओ पूजा बुनकर ने शुक्रवार सुबह डब्ल्यूटीपी प्लांट का निरीक्षण कर फिल्टर, मोटर, क्लोरीनेशन यूनिट और संचालित होने वाली मशीनरी की स्थिति देखी। उन्होंने कर्मचारियों को पानी टंकियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने और क्लोरीन की उचित मात्रा बनाए रखने के निर्देश दिए।

### टंकियों और पाइपलाइन की ली स्थिति रिपोर्ट

निरीक्षण दल ने पुरानी और नई पानी टंकियों की स्थिति जांचते हुए यह सुनिश्चित किया कि कहीं से गंदा पानी पाइपलाइन में प्रवेश न कर सके। कई स्थानों पर उन्होंने ढक्कन बंद करने, लीकेज ठीक करने और वाल्व बदलने के निर्देश भी दिए। सीएमओ ने बताया कि बरसात के दौरान कई इलाकों में पाइपलाइन में गंदा पानी घुसने की शिकायतें आती हैं, इसलिए समय रहते सभी बिंदुओं की जांच अनिवार्य है।

### जिम्मेदारी तय, कर्मचारियों को सख्त निर्देश

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि रोजाना जल स्त्रोतों और टंकियों की सफाई का रिकॉर्ड मेंटेन करें। नागरिकों की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करें। जिन वार्डों में जल गुणवत्ता संदिग्ध मिले, वहां 24 घंटे में सुधारात्मक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि यह अभियान अगले कुछ दिनों तक निरंतर चलेगा और प्रत्येक वार्ड से सैंपल लेकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

### नागरिकों को मिलेगा पहले से भी बेहतर और शुद्ध जल

पालिका प्रशासन का कहना है कि गंदे पानी वाले इंदौर प्रकरण ने पूरे प्रदेश को सजग किया है। धनपुरी में उठाए गए कदमों से जल गुणवत्ता पहले से भी बेहतर होगी। यदि किसी भी सैंपल में त्रुटि मिलती है तो, उसे प्राथमिकता से ठीक किया जाएगा, ताकि हर नागरिक को पूरी तरह सुरक्षित और शुद्ध जल उपलब्ध हो सके।

## सीईओ जिला पंचायत ने गोद लिए गए बच्चे के घर का किया भ्रमण



**उमरिया।** कुपोषण दूर करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण मुक्त जिला बनाने एवं जन जागरूकता लाने हेतु नवाचार किए जा रहे हैं। नवाचार अंतर्गत कुपोषित बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार लाने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें गोद लिया है,और बच्चे एवं उनके माता पिता को पोषण संबंधी समझाईश दे रहे हैं। सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने विकास खंड करकेली के ग्राम लोढा क्रमांक 3 में गोद लिए गए बच्ची पल्लवी यादव के घर पहुँच कर परिजनों से उसका हाल चाल जाना। निरीक्षण के दौरान बताया कि बच्ची पल्लवी की 13 माह है। सीईओ जिला पंचायत ने बच्चे को मल्टी विटामिन दवाइयों की किट देते हुए उनके परिवार जनों से कहा कि बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार नही होने पर आवश्यकता है कि उसे जिला चिकित्सालय उमरिया के एन आर सी में भर्ती कराएं ,जहाँ पर 14 दिनों तक बच्चे को पूरी डाईट उपलब्ध कराई जाएगी, तथा उसके बाद फॉलोअप किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो मल्टी विटामिन दवाई उपलब्ध कराई गई है, उसे डोज अनुसार दवाई दें,ताकि उसके स्वास्थ्य में जल्दी सुधार हो सके। इसके साथ ही बच्चे को पौष्टिक चीजें जिसमे गुड़ की चिक्की, लाई, चना, मुनगा पाउडर, तिल की चिक्की आदि चीजे दी गई ,प जिसका सेवन कराने की बात कही गई। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास दिव्या गुप्ता सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## अव्यवस्थाओं एवं लापरवाहियों से घिरा पशु चिकित्सालय कोतमा

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 में संचालित पशु चिकित्सालय अव्यवस्थाओं एवं लापरवाहियों से घिरा हुआ है। मंत्री दिलीप जायसवाल के विधानसभा क्षेत्र के कोतमा नगर स्थित पशु चिकित्सालय भवन जर्जर एवं बाउंड्री विहीन है लेकिन मंत्री दिलीप जायसवाल के द्वारा भवन को लेकर कोई ठोस पहल नही की जा रही है बर्षा काल के दौरान सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है दीवारों एवं फर्श मे नमी आ जाती है। जमीन में ही दवाइयां फैली रहती है जो कि शीत पाने से लाखों की दवाई खराब हो जाती है। दूसरी ओर परिसर में उपयोग किए गए इंजेक्शन की सुई एवं दवाइयां फैली पड़ी रहती है जिससे इंसानों एवं मवेशियों में संक्रमण का खतरा बना रहता है। पशु चिकित्सालय आने वाले मवेशी मालिकों ने बताया की बाउंड्री भी टूटी हुई है जिससे चारों ओर गंदगी पसरी रहती एवं असामाजिक तत्वों द्वारा शाम ढलते ही शराबखोरी का अड्डा बना लिया जाता है। जहां देर रात तक उपद्रव होता है। काफी समय से अस्पताल के भवन सहित बाउंड्री बनाये जाने को लेकर चिकित्सालय के अधिकारियों के द्वारा पत्राचार किया जा रहा है। वार्ड वासियों के द्वारा नगर पालिका एवं वार्ड पार्षद से व्यवस्था में सुधार की मांग किए जाने के बाद भी कोई सुधार होते नजर नहीं आ रहा है।

## श्रमिकों का नियोजन बढ़ाकर निर्माण कार्यों में प्रगति लाएं : सीईओ जिला पंचायत

### शेष जॉबकार्डधारियों के आधार ई-केवाईसी कार्य अभियान मोड में पूर्ण करें

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की सतत समीक्षा के लिए आयोजित की जा रही साप्ताहिक कलस्टर स्तर की बैठक की उप यंत्रियों को ओनरशिप लेते हुए पंचायतो की कार्यवार समीक्षा कर प्रगति परिलक्षित करने के निर्देश जिला पंचायत की सीईओ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में ग्रामीण विकास के पाक्षिक समीक्षा बैठक में दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के योजना प्रभारी तथा जनपद पंचायतो के सहायक कार्यक्रम अधिकारी, उपयंत्री तथा अन्य सर्व संबंधित उपस्थित थे। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने एक बगिया मां के नाम योजना के तहत पौधों की सुरक्षा तथा वृद्धि के लिए सभी आवश्यक कार्य प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है की योजना के तहत किए गए कार्यों का समय पर मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाए। मनरेगा कार्यो की समीक्षा करते हुए उन्होंने कार्यों की पूर्णता सुनिश्चित करते हुए प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन योजना अंतर्गत खेत तालाब कार्य में प्रगति परिलक्षित करते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत में श्रमिकों का नियोजन बढ़ाएं उन्होंने कहा कि पिछली समीक्षा बैठक के पश्चात 322 खेत तालाब के कार्यों में प्रगति आई है इसे और बढ़ाया जाए। बैठक में आधार ई-केवाईसी के शेष रहे जॉब कार्ड धारी के ई-केवाईसी कार्य को अभियान मोड में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले पंचायत सचिवों के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। विभिन्न ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वीकृत ग्रेवल रोड के अर्थ वर्क, सब ग्रेड,जेएसबी कार्य का सत्यापन आरईएस के कार्यपालन यंत्री को तीन दिवस मे करने के निर्देश जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने दिए है।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के तहत स्वीकृत जनमन व आवास प्लस स्कीम की समीक्षा करते हुए लंबित एवं प्रगतिरत आवासों के संबंध में आवश्यक दिशा- निर्देश विकासखण्ड आवास ब्लाक समन्वयको को दिए हैं। उन्होंने जनपदवार पीएम जनमन आवासों की समीक्षा करते हुए कार्यों की शत-प्रतिशत पूर्णता के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों के द्वारा पीएम जन मन तथा आवास प्लस योजना के अंतर्गत आवास निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन हितग्राहियों के यहां स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण के लिए प्रेरित कर उन्हें लाभान्वित किया जाए। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत वॉश इन व्हील के अंतर्गत स्वच्छता साथी के द्वारा मांग अनुसार की जाने वाली स्वच्छता संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा ब्लॉक समन्वयकों को इस कार्य का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम किरगी में प्लास्टिक बेस्ट यूनिट की स्थापना संबंधी कार्यों के संबंध में जिला समन्वय से जानकारी ली तथा बेस्ट सेग्रीगेशन कार्य के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड तथा पांचवा व 15 वें वित्त के अंतर्गत जिला एवं जनपद स्तर से स्वीकृत निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए कार्यों की पूर्णता सुनिश्चित कर कार्य पूर्णता के संबंध मे निर्देश दिए।

## विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में हिंदू धर्म सम्मेलन का शुभारंभ

**कोतमा कालरी में वैदिक विधि से ध्वजारोहण व भूमि पूजन सम्पन्न**



**बदरा/जमुना।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में 09 जनवरी को प्रातः 10 बजे, निर्धारित शुभ मुहूर्त में श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण, कोतमा कालरी में ध्वजारोहण एवं भूमि पूजन का कार्यक्रम हिंदू रीति-रिवाजों एवं वैदिक विधि-विधान के साथ विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। इसी के साथ हिंदू धर्म सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में हिंदू समाज के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सम्पन्न हुए इस आयोजन में धर्म, संस्कृति एवं सनातन परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया गया उपस्थित जनसमूह ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बताया। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि हिंदू धर्म सम्मेलन के अंतर्गत अगला कार्यक्रम आज 10 जनवरी को दोपहर 12 बजे, मां दुर्गा मंदिर प्रांगण, जमुना में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने हिंदू समाज के सभी सदस्यों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और सनातन संस्कृति को सशक्त करने में सहभागिता निभाएं।

## किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने जिले में ई-टोकन उर्वरक वितरण प्रणाली लागू

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग अनूपपुर के उप संचालक ने जानकारी दी है कि किसानों को समय पर पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में ई-टोकन उर्वरक वितरण प्रणाली लागू की गई है। इस सिस्टम के तहत किसान अब स्वयं अपने मोबाईल से या कियोस्क अथवा के माध्यम से ई-टोकन प्राप्त कर खरीद सकते है। किसान ई-टोकन के लिए के माध्यम से अपने आधार नम्बर से ओ.टी.पी. फीड कर लॉगिन कर सकते हैं। लॉगिन करने के बाद एग्री स्टैक से भू-अभिलेख के रिकार्ड अनुसार कृषि भूमि अपडेट होगी। मौसम एवं फसलों का चयन करने के उपरांत फसल तथा धारित रकबे अनुसार उर्वरकों की मांग की गणना होकर पोर्टल पर प्रदर्शित होगी। किसान को जिले के अधिकृत उर्वरक विक्रेता और उपलब्ध स्टॉक की जानकारी प्रदर्शित होगी। जिसमें कृषक अपनी सुविधा अनुसार उर्वरक विक्रेता का चयन कर स्लॉट बुक कर सकते हैं। जिसकी जानकारी ई-टोकन के माध्यम से कृषक को पंजीकृत मोबाईल पर प्राप्त होगी।

## शासकीय महाविद्यालय में सेवा सप्ताह पर कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य में यूथ रेडक्रॉस के निर्देशानुसार 12 जनवरी 2026 तक सेवा सप्ताह का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाविद्यालय उमरिया में किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विमला मरावी ने की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन, राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान तथा युवाओं के लिए उनके विचारों की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जी के विचार आज भी युवाओं को आत्मनिर्भरता, सेवा और राष्ट्रप्रेम की ओर प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम अधिकारी, रासेयो डॉ. अरविंद शाह बरकड़े ने सेवा सप्ताह की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को समाज सुधार और जन-जागरूकता अभियानों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और समर्पण भाव से कार्यक्रमों में भाग लिया। विद्यार्थियों ने न केवल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया बल्कि समाज सेवा की भावना को भी आत्मसात किया। आयोजित गतिविधियों में 9 जनवरी 2026 नशामुक्ति अभियान दृजन-जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज सेवा की भावना को सशक्त किया।कार्यक्रम में प्रो. ऋषिराज पुरवार, डॉ. प्रमोद कुमार तिवारी, मनीष कुमार मिश्रा, डॉ. अनंत कुमार साकेत,रानी सिंह एवं समस्त शैक्षणिक स्टॉफ उपस्थित रहे।

## क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रीवा ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा



**उमरिया।** क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रीवा डॉक्टर एस.बी.अवधिया ने जिला उमरिया का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया । इस दौरान उन्होने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने ऑपरेशन थिएटर प्रसव पश्चात वार्ड न्यूबॉर्न केयर कॉर्नर,बर्थ वेटिंग रूम का जायजा लिया एवं हितग्राहियों से चर्चा की। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों में संचालित उपकरणों के सुधार हेतु अनुबंध संस्था ए ओ वी संस्था को 72 घंटे के अंदर कंप्लेंट मिलने पर रिपेयरिंग करने के निर्देश दिए।उन्होने प्रसव पश्चात वार्ड में हितग्राहियों से मुलाकात करते हुए शीघ्र स्तनपान कराने की बात कही। कंगारू मदर केयर की पद्धति को अपनाने हेतु उपस्थित हितग्राहियों को सूचित किया क्षेत्रीय संचालक डॉक्टर एस बी अवधिया द्वारा न्यू बोर्न केयर कॉर्नर का अवलोकन किया गया जो उचित पाया गया , संयुक्त संचालक डॉक्टर जी. एस परिहार द्वारा एसएनसीयू एवं एनआरसी में बेड ऑक्युपेंसी रेट बढ़ाने एवं फॉलोअप बढ़ाने हेतु विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल हेतु नवीन भवन का भ्रमण कर अवलोकन किया। क्षेत्रीय संचालक रीवा से आए डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर घनश्याम मिश्रा रीवा एवं डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर रत्नेश द्विवेदी संभागीय जिला कार्यक्रम प्रबंधक अभय पांडे द्वारा जिला अस्पताल में संचालित अलग-अलग यूनिट का भ्रमण किया जिसमें जिला क्षय केंद्र में संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया जिसमें एक्स-रे लैब टेक्नीशियन स्क्रीनिंग एवं डायग्नोसिस पर फोकस करने हेतु कहा गया।डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर ज्ञानेश मिश्रा एवं टीम द्वारा ब्लड बैंक के रिकॉर्ड देखे गए जो उचित पाए गए,एनआरसी पैथोलॉजी वार्ड का भ्रमण किया गया जहां रिकॉर्ड कीपिंग एवं साफ सफाई एवं स्वच्छता की प्रशंसा की गई । उन्होने राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा , अनमोल पोर्टल , बर्थ वेटिंग रूम , गर्भवती माताओ के टीकाकरण , ओल्ड एज ग्रुप 70 प्लस आयुष्मान कार्ड कि समीक्षा की। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ व्ही एस चंदेल, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर के सी सोनी,जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस बी चौधरी,डॉ ऋचा गुप्ता जिला टीकाकरण अधिकारी,डॉ मुकुल तिवारी जिला क्षय अधिकारी मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पी एल सागर पाली , मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जैसल मानपुर ,ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर मानपुर,ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर रामनारायण पटेल करकेली ब्लॉक अकाउंट मैनेजर जागेंद्र सिंह मानपुर ब्लॉक अकाउंट मैनेजर पाली उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी का जिले में हुआ अवलोकन



**उमरिया।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य उमरिया डॉ. पूजा द्विवेदी ने बताया कि आचंलिक विज्ञान केन्द्र भोपाल, मध्यप्रदेश के ग्रामीण विद्यालयो में भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करता आ रहा है। इस वर्ष कार्यक्रम का आयोजन उमरिया जिले में किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी जनजातीय कार्य विभाग म.प्र. शासन एवं आंचलिक विज्ञान केन्द्र भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित है, जो उमरिया जिले के 30 विद्यालयों का भ्रमण करेगें। यह भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी मूल से पहिया पर एक विज्ञान प्रदर्शनी है, जिसमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभिन्न विषयों पर आकर्षक प्रदर्शनी की एक श्रृंखला शामिल है और इसे एक बस पर लगाया गया है।इसका संपूर्ण व्यय जनजातीय कार्य विभाग भोपाल द्वारा किया जा रहा है।

गत माह जिले के 14 विद्यालयों में इसका भ्रमण किया जा चुका है।द्वितीय चरण में यह प्रदर्शनी बालक क्रीड़ा परिसर उमरिया (भरौला) पंहुची,जहॉं पर इसका बच्चो के अवलोकन एवं ज्ञानवर्धन हेतु शुभारंभ सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य उमरिया डॉ0 पूजा द्विवेदी एवं जिला शिक्षा अधिकारी उमरिया आर.एस. मरावी द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर ए.डी.पी.सी. रमसा बी.एस.मरावी, संजय पाण्डेय, जगदीश मसराम,अरविंद शर्मा,नारायण गौतम एवं हाई स्कूल भरौला के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी के बारे में अतिथियों, शिक्षकों एवं बच्चोंा को आंचलिक विज्ञान केन्द्र रोहित दीक्षित ने जानकारी दी।

यह प्रदर्शनी निर्धारित रूट चार्ट अनुसार क्रमशः कन्या शिक्षा परिसर उमरिया, कालरी स्कूल उमरिया, सज्जन स्कूल उमरिया, कन्या हायर सेकेण्ड्री, हाई स्कूल खलेसर, मॉडल स्कूक करकेली, कुमार मंगलम नौरोजाबाद, हायर सेकेण्ड्री स्कूल बन्नौदा, चौरी, खिचकिड़ी बिजौरी, कन्या मानपुर, कन्या शिक्षा परिसर मानपुर, उत्कृष्ट मानपुर एवं ताला का भ्रमण करेगी, जहॉं प्रत्येक विद्यालय में दो दिवस प्रवास रहेगा। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी उमरिया ने सभी प्राचार्यो को निर्देश दिए है कि नियत तिथि को संबंधित विद्यालय एवं उसके आसपास विद्यालयों के विद्यार्थी भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कर अपना ज्ञानवर्धन करें।

## वन स्टॉप सेंटर के प्रयासों से फिर से एक हुआ परिवार

**कटनी।** वन स्टॉप सेंटर के प्रयास से एक परिवार फिर से एक हो गया। ग्राम बाँध विकासखंड ढीमरखेड़ा निवासी महिला ने घरेलू विवादों से परेशान होकर अपने दो बच्चों, तीन वर्ष की बेटी एवं दो माह के बेटे के साथ घर छोड़ने का निर्णय लिया एवं वे कटनी पहुंची। महिला द्वारा सहायता हेतु वन स्टॉप सेंटर कटनी में सम्पर्क कर अपनी समस्या रखी गई। वन स्टॉप सेंटर द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से महिला एवं उनके बच्चों को तत्काल रेस्क्यू कर सेंटर में अस्थाई आश्रय प्रदाय किया गया। प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर, कटनी द्वारा महिला की समस्या को धैर्यपूर्वक सुना गया एवं उनके घर पर भी सम्पर्क किया गया। महिला के पति से चर्चा करने पर उन्होंने स्वास्थ्य सम्बन्धी कारणों से सेंटर तक पहुंचने में असमर्थता व्यक्त की गई। तदुपरांत महिला की सहमति से प्रशासक द्वारा महिला के घर जाकर उन्हें एवं उनके पति को परामर्श प्रदाय किये जाने का निर्णय लिया गया। वन स्टॉप सेंटर की टीम महिला एवं उनके बच्चो को लेकर उनके घर पहुंची जहां महिला एवं उनके पति को परामर्श दिया गया कि वे आपसी समन्वय से समस्याओं का समाधान करें एवं एक दूसरे को सम्मान दें। महिला एवं उनके पति द्वारा प्रदाय परामर्श पर सहमति व्यक्त की गई। अब दोनों अपने बच्चों के एक साथ रह रहे हैं।

# खिलेगा व्यक्तित्व, नशा मुक्त होगा भविष्यः धनपुरी की माटी के लाल जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान का युवाओं को मंत्र

### अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉलः लघु भारत की झलक बना धनपुरी का सुभाष स्टेडियम, देश भर के खिलाड़ियों का बढ़ा उत्साह

**बुढार।** 'खिलेगा व्यक्तित्व, नशा मुक्त होगा भविष्य'— इसी सकारात्मक संकल्प के साथ धनपुरी की पावन धरा पर फुटबॉल का महाकुंभ अपनी पूरी भव्यता के साथ जारी है। नगर पालिका परिषद धनपुरी द्वारा सुभाष स्टेडियम नंबर-3 में आयोजित 'अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट' ने आज न केवल शहडोल संभाग, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश में खेल जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इस गौरवशाली आयोजन के अवसर पर देपालपुर (इंदौर) के माननीय जिला न्यायाधीश और धनपुरी के गौरव श्री हिदायत उल्ला खान ने सात समंदर पार तक गूंजने वाला एक प्रेरणादायक संदेश साझा किया है।

### देशभर के खिलाड़ियों का संगमः 'मिनी इंडिया' बना स्टेडियम



इस टूर्नामेंट की सबसे बड़ी विशेषता इसकी व्यापकता है। देश के सुदूर क्षेत्रों— केरल, बंगाल, पंजाब, और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों से आए फुटबॉल खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा से धनपुरी की मिट्टी को महका दिया है। जिला न्यायाधीश हिदायतुल्ला खान ने अपने संदेश में विशेष रूप से इन बाहरी राज्यों से आए खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ₹यह केवल एक खेल मैदान नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जहां भारत की एकता और विविधता के दर्शन हो रहे हैं। देश के कोने-कोने से आए हमारे ये अतिथि खिलाड़ी धनपुरी के युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।₹

### नशा छोड़ें, मैदान चुनेंः न्यायाधीश की युवाओं से भावुक अपील

अपनी जन्मस्थली के प्रति अगाध प्रेम व्यक्त करते हुए श्री खान ने कहा कि भले ही वे न्यायिक दायित्वों के कारण दूर हैं, लेकिन उनके हृदय की धड़कनें धनपुरी के इसी मैदान में बसती हैं। उन्होंने युवाओं को नशे के अंधकार से बचने की चेतावनी देते हुए कहा कि असली 'हाई' नशे के धुएं में नहीं, बल्कि गोल दागने की खुशी और मैदान की धूल में है। उन्होंने खिलाड़ियों और युवाओं के समक्ष तीन सशक्त जीवन मंत्र रखेःमैदान चुनिये, नशा नहीं।मेहनत चुनिए, भटकाव नहीं। चरित्र चुनिए, अपराध नहीं।

### सामाजिक परिवर्तन का वाहक बना आयोजन

जिला न्यायाधीश ने आयोजन समिति और नगर पालिका परिषद की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ही एक अनुशासित और सशक्त समाज का मार्ग प्रशस्त करता हैं। उनके अनुसार, खेल अनुशासन सिखाता है और अनुशासन से ही अपराध मुक्त समाज की कल्पना साकार हो सकती है। सेमीफाइनल की दहलीज पर खड़े इस टूर्नामेंट ने यह साबित कर दिया है कि खेल के माध्यम से न केवल प्रतिभाएं निखरती हैं, बल्कि 'नशा मुक्त भविष्य' का सपना भी सच होता है। न्यायाधीश के इस संदेश ने न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया है, बल्कि पूरे नगर में खेलों के प्रति एक नई चेतना जागृत कर दी है।

# नगर की समस्याओं के लिए संघर्षरत कांग्रेस

कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन



**बिरसिंहपुर पाली ।** नव नियुक्त कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष के कुशल नेतृत्व में आज तीन बिंदुओं की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंप कर उनके त्वरित निदान की गयी है। ज्ञापन में जिन जन हित की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया है उनमें वार्ड क्रमांक 3-4 में मुक्ति धाम बनााने, इन्ही वार्ड से नगर से सीधे जोडने के लिए रेल्वे में अन्डर ब्रिज बनाने और पुराने बस स्टैंड में नाली निर्माण कार्य कराये जाने की बात कही है। ज्ञापन में आपने साफ तौर पर समझाया गया है की वार्ड में मुक्ति धाम न होने से वार्ड वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है जिससे परेशान होकर कही पर भी दाह क्रिया संपन्न करायी जाती है, जिससे अराजकता फैलती है। इसी तरह नगर की आधी आबादी रेल्वे स्टेशन के वार्ड क्रमांक 3,4 और अमहा, गोयरा परसौरा, बिझला, रामपुर के निवासियों को अन्डर ब्रिज न होने से भारी समस्याओं का सामना करना पडता है इसलिए यहाँ पर उपयुक्त जगह पर अन्डर ब्रिज का निर्माण कराया जाये ताकि लोगों को सुविधा मिल सकें। इसी तरह पुराने बस स्टैंड पर नाली निर्माण कराये जाने के लिए खोदाई कर एक लंबे समय से छोड दिया गया है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी समस्या का सामना करना पड़ता है, अति शीघ्र नाली निर्माण कार्य कराने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ने पूर्व में सौपें गये ज्ञापन पर स्मरण पत्र सौंप कर पूर्व में उठायी गयी समस्याओं के निदान की मांग की है।

अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौपते समय वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजीव खण्डेलवाल, राम प्रकाश उपाध्याय, राम नारायण पाण्डेय, सुनील साहू, बलराम प्रजापति, बंटी बारी, विजय गुप्ता, दादू प्रजापति, बीनू गुप्ता, महबूब खान, सुधांशु सिंह ने जावेद खान, रवि प्रजापति, बबलू गुप्ता, साजिद वारशी कुंज बिहारी उपाध्याय, अजीत श्रीवास्तव, अंकित मिश्रा, सिया बाई, नवल पाण्डेय, लौकेश पाण्डेय आदि कांग्रेस जन शामिल थे।जब से रवि मिश्रा ब्लाक कांग्रेस की कमान सम्हाले है तब से कांग्रेस जन मुद्दो को लेकर आये दिन सकारात्मक पहल कर रहे हैं, जिससे नगर की समस्याओं के निदान की संभावनाये बढती जा रही है।

# इंदौर में दूषित पानी के मृतकों को दी श्रद्धांजलि भाजपा सरकार पर लगाया लापरवाही का आरोप

### उमरिया जिले के पाली में ब्लॉक कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च

**उमरिया।** उमरिया जिले के पाली में ब्लॉक कांग्रेस द्वारा मध्यप्रदेश के इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में गंदे पानी के कारण 20 लोगों की मौत हो गई.। जिसको लेकर आज प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी निर्देश जिलाध्यक्ष विजय कोल के मार्गदर्शन पर ब्लॉक कांग्रेस पाली नगर में कैंडल मार्च निकालकर अमृत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस जिला संगठन मंत्री संजीव खंडेलवाल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इस कैंडिल मार्च में सैकड़ो संख्या कांग्रेस के महिला पुरुष कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत पाली ब्लॉक कांग्रेस द्वारा कैंडल मार्च से हुई। इसके पश्चात सभी ने नम आंखों से दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर उनकी शांति के लिए प्रार्थना की गई।इस दौरान कांग्रेस जिला संगठन मंत्री संजीव खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा की कथित भ्रष्ट नीतियों के कारण इंदौर में दूषित पानी पीने से कई लोगों की जान चली गई, जो अत्यंत पीड़ादायक और दुर्भाग्यपूर्ण है। इस घटना से पूरा प्रदेश और देश आहत है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि जिस प्रकार से दूषित जल से मासूम सहित कुल 20 लोगो की जान गई है। प्रदेश सरकार उसकी जांच कर कर दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें अन्यथा पूरे मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी द्वारा इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। इस दौरान मुख रूप से संजीव खंडेलवाल राम प्रकाश उपाध्याय जानकी प्रसाद मिश्रा छत्रपाल सिंह राजेंद्र सिंह ओमकार विश्वकर्मा राम बिहारी उपाध्याय,रमेश सिंह,रमेशदहिया सीनू राव भोला साहू सनू उपाध्याय रजनीश तिवारी अफजल खान सुनील साहू रवि सिंह रूकेश बारी बिलाल खान बलराम प्रजापति बंटी बारी विजय गुप्ता दादू प्रजापति बीनू गुप्ता रिंकू बारी महबूब खान विक्की सिंह सुधांशु सिंह दादू प्रजापति जावेद खान रवि प्रजापति गौरव अग्रवाल पराग मिश्रा बबलू गुप्ता साजिद वारसी किशन वर्मा पुरुषोत्तम कुशवाहा प्रदीप तिवारी पंकज शुक्ला जय सोनी अजीत श्रीवास्तव विकास सोनी अंकित मिश्रा बिलाल खान गफूर खान सम्मी खान आबिद खान जाफर खान सबदर खान पूर्व पार्षद शियाबाई कोल कल्लू भाईजान उपस्थित थे।





## किसान भाई अब 15 जनवरी तक करा सकेंगे रबी फसलों का बीमा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2025-26 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसलों का बीमा कराने हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि रबी मौसम में सभी अनाज, दलहन, तिलहन फसल हेतु बीमित राशि का अधिकतम 1.5 प्रतिशत मात्र प्रीमियम कृषक भाईयों द्वारा देय है। ऋणी कृषकों ने जिस बैंक से फसल ऋण लिया है वह उस बैंक में अपना बीमा करवायें। जबकि अऋणी कृषक, 15 जनवरी तक किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल ऋण प्रदायकर्ता बैंको, सहकारी समितियों तथा अऋणी किसान बैंक, जन सेवा केंन्द्र (सीएससी), ग्राम पंचायत स्तर पर जन सेवा केंन्द्र के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। बीमा कराने के लिए कृषकों को घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर इसका शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण, बुवाई प्रमाण पत्र लेकर जाना होगा।

## रामपुर बटुरा OCP में SECL का मेगा दांव, 10 साल का लॉन्ग-टर्म माइनिंग कॉन्ट्रैक्ट, 37.5 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य

**धनपुरी।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (SECL) ने सोहागपुर एरिया में स्थित रामपुर बटुरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट (OCP) को लेकर बड़ा और दूरगामी फैसला लिया है। SECL ने इस प्रोजेक्ट के लिए JARPL–AT Consortium के साथ 10 वर्षों का लॉन्ग-टर्म कम्पोजिट माइनिंग कॉन्ट्रैक्ट आधिकारिक रूप से किया है। यह करार न सिर्फ उत्पादन बढ़ाने की दिशा में अहम है, बल्कि पूरे क्षेत्र के माइनिंग परिदृश्य को नई गति देने वाला माना जा रहा है।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना की प्लानिंग 37.5 मिलियन टन कोयला उत्पादन लक्ष्य को केंद्र में रखकर की गई है। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर ओवरबर्डन हटाने की विस्तृत रणनीति तैयार की गई है, ताकि आने वाले वर्षों में निर्बाध और सतत खनन संभव हो सके।

### कम्पोजिट माइनिंग से बदलेगा खेल

इस 10 वर्षीय कॉन्ट्रैक्ट के तहत रामपुर बटुरा OCP में कम्पोजिट माइनिंग ऑपरेशन किया जाएगा। इसमें कई स्ट्रेटा से ओवरबर्डन हटाने के लिए अत्याधुनिक हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी (HEMM) की तैनाती, सरफेस माइनर्स के जरिए कोयला उत्खनन, कोयले की लोडिंग और ट्रांसपोर्टेशन की पूरी जिम्मेदारी शामिल है। इससे खनन प्रक्रिया तेज, सुरक्षित और अधिक प्रभावी होने की उम्मीद है।

### उत्पादन क्षमता को मिलेगी नई ताकत

SECL अधिकारियों के अनुसार यह एग्रीमेंट रामपुर बटुरा OCP में कोयला उत्पादन क्षमता को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है। लॉन्ग-टर्म कॉन्ट्रैक्ट होने से प्रोजेक्ट में निरंतरता बनी रहेगी और उत्पादन लक्ष्यों को समय पर हासिल करना आसान होगा। साथ ही, ओवरबर्डन हटाने की बेहतर व्यवस्था से भविष्य के लिए पर्याप्त कोयला रिजर्व तक पहुंच सुनिश्चित की जा सकेगी।

### टेक्नोलॉजी-ड्रिवन माइनिंग पर फोकस

यह करार SECL के कुशल, सुरक्षित और टेक्नोलॉजी-ड्रिवन माइनिंग ऑपरेशन के कमिटमेंट को और मजबूत करता है। आधुनिक मशीनरी और वैज्ञानिक पद्धति से खनन होने से न सिर्फ उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि लागत नियंत्रण और पर्यावरण प्रबंधन में भी सुधार आएगा।

### स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मिलेगा लाभ

रामपुर बटुरा OCP में बड़े पैमाने पर माइनिंग गतिविधियां बढ़ने से सोहागपुर क्षेत्र में आर्थिक हलचल तेज होने की संभावना है। अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय व्यापार को भी फायदा मिलेगा।

कुल मिलाकर, रामपुर बटुरा OCP के लिए किया गया यह लॉन्ग-टर्म माइनिंग कॉन्ट्रैक्ट SECL की भविष्य की रणनीति का मजबूत संकेत है। 37.5 मिलियन टन के महत्वाकांक्षी उत्पादन लक्ष्य के साथ यह प्रोजेक्ट आने वाले वर्षों में SECL के प्रमुख और भरोसेमंद कोयला उत्पादन केंद्रों में शुमार हो सकता है।

# पर्यावरण संरक्षण पहल : पांच हजार औषधि नीम के पौधे लगाने का लक्ष्य

पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की अनूठी पहल- कलेक्टर

### युवाओं ने कलेक्टर को नीम का पौधा भेंट कर अभियान की शुरुआत



**उमरिया** - प्रकृति को बचाना सभी का कर्त्तव्य है, ऐसे में सभी को मिलकर पौधरोपण करने की दिशा में सार्थक कदम उठाने की आवश्यकता है। यह कहना है जिले के प्रकृति प्रेमियों का। पर्यावरण संरक्षण थीम के उद्देश्य से जिले की सक्रिय द्वारा पाँच हजार औषधि नीम के पौधे लगाने का लक्ष्य लिया गया है। इसी क्रम 2026 के नववर्ष पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन को युवा टीम ने कलेक्ट्रेट परिसर में नीम पौधा भेंटकर अभियान की शुरुआत की । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने युवा टीम की इस पहल को सराहना करते हुए कहा कि युवाओं की यह पहल पर्यावरण संरक्षण में अच्छी भूमिका निभाएगी और इस पल में जिले के हर व्यक्ति को जुड़ना चाहिए व 5000 नीम के पौधे के लक्ष्य को पूरा करने में अपनी सहभागिता निभाकर पौधों को वृक्ष बनाने का संकल्प भी लेना चाहिए जिससे पर्यावरण का संरक्षण तो होगा ही और वातावरण भी सुरक्षित रहेगा।इसीलिए हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए ताकि हम खुली हवा में सांस ले सकें। उन्होंने कहाँ की पौधा रोपण करना एक पुण्य कार्य है हम अपनी भाभी पीढ़ी के लिए पौधरोपण करते हैं जब यह पौधे बड़े होते हैं तो इनके फलों का उपयोग हमारे आगामी पीढ़ी करती है पौधे से जहां जल और वायु का संचार होता है वही वातावरण भी शुद्ध होता है तथा पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन होता है। कोरोना काल से पर्यावरण संरक्षण के विषय मे लक्ष्य लेकर पौधारोपण अभियान आरंभ कर दिया गया था। जिसके तहत पिछले वर्ष के सत्र में भी 5000 नीम के पौध रोपण किए गए थे। जिसमें सभी पौधे सुरक्षित स्थान में रोपण किए गए थे जिसमें लगभग पौधे वृक्ष का रूप चुके हैं। इसी क्रम में इस वर्ष भी 5000 औषधि पौधे पौधा रोपण करने का लक्ष्य लिया गया है। इस अवसर पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी,रुही गुप्ता,राहुल सिंह, पलक गुप्ता व ग्रुप द्वारा पौधारोपण किया गया ।

# मारुति स्विफ्ट में धान भरकर भाग रहे शातिर चोरों को दबोचा



### चौकी प्रभारी की मुस्तैदी ने बिगाड़ा खेल

**उमरिया।** फिल्म पुष्पा के स्टाइल में तस्करी का सपना देखने वाले चोरों को क्या पता था कि उनका सामना उमरिया पुलिस के रियल हीरो से होने वाला है। जिले के पाली थाना अंतर्गत घुनघुटी चौकी क्षेत्र में धान चोरी की एक ऐसी दुस्साहसिक वारदात सामने आई है, जिसने पुलिस और अपराधियों के बीच की जंग को फिल्मी पर्दे जैसा रोमांचक बना दिया। यहाँ चोरों ने लग्जरी कार का इस्तेमाल धान चोरी के लिए किया, लेकिन पुलिस की सतर्कता के आगे उनकी सारी चालाकी धरी की धरी रह गई।

### खरीदी केंद्र पर डाका

आधुनिक दौर के इन चोरों ने धान खरीदी केंद्र को अपना निशाना बनाया। रात के अंधेरे में आरोपियों ने 20 बोरी धान पार किया और उसे पुलिस की नजरों से बचाने के लिए किसी ट्रक या ट्रैक्टर के बजाय सफेद मारुति स्विफ्ट कार में ठूंस दिया। उन्हें लगा कि कार में धान ले जाते समय कोई उन पर शक नहीं करेगा, लेकिन घुनघुटी चौकी प्रभारी शिवपाल सिंह तोमर के सूचना तंत्र ने इस कॉन्फिडेंस को मिट्टी में मिला दिया।

### 10 किलोमीटर तक मौत से मुकाबला

जैसे ही पुलिस को इन हाई-टेक चोरों की भनक लगी, चौकी प्रभारी शिवपाल सिंह तोमर ने घेराबंदी कर मोर्चा संभाल लिया। पुलिस को देख आरोपियों ने कार की रफ्तार बढ़ा दी, जिसके बाद शुरू हुआ करीब 10 किलोमीटर लंबा हाई-वे चेस। पुलिस की टीम ने जान की परवाह किए बिना फिल्मी अंदाज में कार का पीछा किया। आखिरकार, पुलिस के चक्रव्यूह में फंसकर चोरों की कार को रुकना पड़ा।

### वर्दी का खौफ

इस पूरी कार्रवाई में एएसआई शैलेंद्र चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षक जयभान सिंह और आरक्षक अजय जाटव की भूमिका रही। टीम ने न केवल कार को ओवरटेक कर रोका, बल्कि आरोपियों को भागने का एक भी मौका नहीं दिया। कार की डिक्की और सीटों पर लदी 20 बोरी धान बरामद कर ली गई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान आलम खान निवासी बरबसपुर और सुमित प्रजापति निवासी तलैया ओला, मानपुर के रूप में हुई है। जो आरोपी कुछ देर पहले तक पुष्पा स्टाइल में सीना चौड़ा कर भाग रहे थे, पुलिस की गिरफ्त में आते ही उनकी सारी हेकड़ी निकल गई और वे गिड़गिड़ाने लगे।

## खबर संक्षेप

### जिपं सीईओ ने 11 स्कूलों के 6 स्व सहायता समूहों का अनुबंध किया समाप्त

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में पीएम पोषण निर्माण संचालन में लापरवाही एवं अनियमितता पाए जाने पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने कार्यवाही करते हुए 11 स्कूलों के 6 स्व सहायता समूहो का अनुबंध समाप्त करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत संबंधित स्कूल के शाला प्रबंधन समिति को पीएम पोषण संचालन का दायित्व सौपा है। एकीकृत प्राथमिक विद्यालय रामनगर, प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय सल्हारों, प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय चोलना एवं प्राथमिक विद्यालय बचहा टोला, प्राथमिक विद्यालय बंधवाटोला प्राथमिक विद्यालय जर्राटोला एवं प्राथमिक विद्यालय अगरियान टोला, एकीकृत माध्यमिक विद्यालय करौंदी, प्राथमिक विद्यालय कोलान टोला मे पीएम पोषण निर्माण कार्य का संचालन करने वाले 6 स्व सहायता समूह का अनुबंध समाप्त किया गया है।

### सामूहिक विवाह योजना के लिए आवेदन की आज अंतिम तिथि

**कटनी।** नगर निगम कटनी द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के अंतर्गत शुक्रवार 23 जनवरी 2026 को सामूहिक विवाह, निकाह का आयोजन किया जा रहा है। योजना के तहत गरीबी रेखा के अंतर्गत पंजीकृत हितग्राही 9 जनवरी 2026 तक अपना आवेदन कर सकते है। नगर निगम के नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सनद विश्वकर्मा ने बताया कि योजनान्तर्गत वधु को 49 हजार रुपये सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर किए जायेंगे तथा राशि 6 हजार रुपये प्रति जोडों के मान से आयोजनकर्ता निकाय को दी जाएगी। सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करने हेतु इच्छुक आवेदक वर तथा कन्या की तीन फोटो, वर एवं कन्या का आधार कार्ड की छायाप्रति, गरीबी रेखा राशन कार्ड की छायाप्रति, कन्या के बैंक खाता की छायाप्रति, कन्या का मूल निवासी प्रमाण पत्र, वर एवं कन्या का समग्र परिवार आई.डी ई-के.वाई.सी सहित, जन्मतिथि संबंधी दस्तावेज वर एवं कन्या की वोटर आईडी के साथ आवेदन निगम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 66 में जमा कर सकते है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु कन्या का नगर निगम कटनी सीमा का मूल निवासी होने के साथ ही कन्या की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष तथा वर की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होना आवश्यक है।

### नन्हवारा खुर्द में श्रमदान से किया गया बोरी बंधान

**कटनी।** जल संचय अभियान के अंतर्गत विकासखंड बड़वारा के बसाड़ी सेक्टर क्रमांक 04 के ग्राम नन्हवारा खुर्द में नवीन गठित प्रस्फुटन समिति के सदस्यों की सहभागिता व नवांकुर संस्था प्रमुख हरभगत सिंह के सहयोग से 65 बोरियों का बोरी बंधान कार्य किया गया।

### अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय पर हुई कार्यवाही

**कटनी।** जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम द्वारा वृत्त स्लीमनाबाद प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार के नेतृत्व में वृत्त अंतर्गत ग्राम देवरी, बूदनवारा, ककरहटा, भगनवारा, रूपनाथ, कौंडिया में दबिश दी गई।

दो वर्ष तक युवती को उलझाए रखा, अब पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

# सरकारी नौकरी का झांसा देकर 6.89 लाख की ठगी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लगभग 6 लाख 89 हजार 600 रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर चचाई थाना पुलिस ने आरोपी महिप सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत एफआईआर (बीएमएस धारा 419, 420) दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला दो वर्षों से चल रही सुनियोजित ठगी का प्रतीत होता है, जिसमें आरोपी ने विश्वास का दुरुपयोग कर युवती से किस्तों में बड़ी रकम वसूल ली।




### इस तरह शुरू हुआ मामला

32 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी महिप सिंह उसके पिता का जानकार था और इसी पहचान का फायदा उठाकर वर्ष 2022 में उसने "सरकारी नौकरी" दिलाने की बात कही। आरोपी ने खुद को सरकारी अधिकारियों से जुड़ा 'प्रभावशाली' व्यक्ति बताकर युवती को भरोसे में लिया।

### किस्तों में वसूला गया पैसा

मार्च 2022 से जून 2024 के बीच पीड़िता से कई बार रकम ली गई। एफआईआर में दर्ज विवरण के मुताबिक पहली बार, 50,000, दूसरी बार 70,000, कभी 1,00,000, तो कभी तुरंत "प्रोसेस पूरा करने" का दबाव बनाकर और राशि वसूली गई और सभी भुगतान यूपीआई ट्रांजैक्शन, कैश और बैंक ट्रांसफर के माध्यम से किए गए।

### फर्जी नियुक्ति और झांसे का खेल

पुलिस के अनुसार आरोपी ने समय-समय पर पीड़िता को फर्जी नियुक्ति प्रक्रिया, जॉइनिंग डेट और ट्रेनिंग की मनगढ़ंत जानकारी देकर भ्रमित किया। नवंबर 2024 तक वह युवती को विश्वास में रखता रहा। आखिरी बार उसने "फाइनल अप्रूवल" के नाम पर 70,000 और ले लिए।

### खुलने लगी पोल, आरोपी हुआ गायब

जब दिसंबर 2024 में पीड़िता भोपाल पहुंची और जॉइनिंग की सच्चाई तलाशने लगी तो उसे पता चला कि कोई प्रक्रिया चल ही नहीं रही थी। आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया और लोकेशन भी बदल ली। इसके बाद पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

चचाई पुलिस ने पूरे दस्तावेज, भुगतान विवरण और कॉल रिकॉर्ड की जांच के बाद महिप सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी व छलपूर्वक धन प्राप्त करने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस इसे "पूर्वनियोजित ठगी" का मामला मान रही है।

### आरोपी की तलाश तेज

पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी अब भोपाल में अपने पते पर भी नहीं मिल रहा। उसकी संभावित लोकेशनों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस ने नागरिकों को चेतावनी दी है कि सरकारी नौकरी, प्रमोशन या पोस्टिंग के नाम पर किसी भी व्यक्ति को पैसा न दें और ऐसे मामलों की तुरंत शिकायत करें।

# आज की मेहनत भविष्य के फलदायी चुनाव परिणाम देगीः उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला



**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने शुक्रवार को अनूपपुर जिले के प्रवास के दौरान भाजपा कार्यालय में संगठन के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने चल रहे एसआईआर अभियान पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि आज की मेहनत भविष्य के चुनाव परिणामों में सकारात्मक रूप से दिखेगी। श्री शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की एसआईआर योजना के अनुरूप जमीन पर सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा, हमें पूरी ताकत से कार्य करना होगा। कार्यकर्ता एक-दूसरे से निरंतर संपर्क में रहें और फॉर्म-6, 7, 8 पर बेहतर प्रदर्शन करें। जिसका सार्थक परिणाम अवश्य मिलेगा। जिले भर से आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने एसआईआर कार्य को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया और स्वागत उद्बोधन में जिले में चल रहे संगठन के कार्यों की जानकारी साझा की। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, एसआईआर जिला प्रभारी मदन त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता, रामदास पूरी, बृजेश गौतम, जिला महामंत्री श्याम नारायण शुक्ला प्रमुख रूप से मंचासीन रहे। सभी मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मोर्चो के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। मंच संचालन जिला महामंत्री सिद्धार्थ शिव सिंह ने किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने दी।

# 18 दिनों से धनगवां के जंगल में ठहरे तीन हाथी



### रात में मटर की फसल को बनाया आहार

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** विगत 18 दिन पूर्व आए तीन हाथियों का समूह निरंतर जैतहरी क्षेत्र के धनगवां बीट के जंगल में दिन एवं रात को भी विचरण कर रहे है जो कई दिन बाद गुरुवार शुक्रवार की मध्यरात्रि तीनों हाथी जंगल से निकल कर एक किसान के खेत में लगी मटर की फसल को अपना आहार बनाते हुए सुबह होते ही वापस जंगल जा कर ठहर गए। विदित है कि तीन हाथियों का समूह 23 दिसंबर की रात छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को पार कर एक बार फिर से अनूपपुर जिले के जैतहरी इलाके में धनगवां वन बीट के जंगल में निरंतर 18 दिन से ठहरे हुए हैं जो विगत कई दिनों से रात के समय भी जंगल में ही रहकर रात बिता रहे हैं लेकिन गुरुवार एवं शुक्रवार की मध्य रात्रि तीनों हाथी धनगवां बीट के कुसुमहाई गांव से लगे झंडीटोला के पास से एक किसान वीरन नापित के खेत में लगे मटर की फसल को अपना आहार बनाते हुए चोई गांव के गोढाटोला एवं धनगवां पंचायत के दर्रीटोला तक विचरण करते हुए शुक्रवार की सुबह होते ही फिर से धनगवां के जंगल में विचरण एवं विश्राम करने चले गए हाथियों के निरंतर विचरण पर वन विभाग द्वारा दो अलग-अलग स्तर पर गश्ती दल तैयार कर ग्रामीणों की मदद से रात भर ग्रस्त करते हुए ग्रामीणों को सतर्क एवं सचेत रहने की बात कह रहे हैं लेकिन जंगल से लगे कुछ गांव के ग्रामीण अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हिदायत दिए जाने के बाद भी घनघोर जंगल के मध्य पहुंच रहे हैं जिससे कभी भी किसी भी तरह की अनहोनी घटना घट सकती है हाथियों का समूह दिन के समय स्वतंत्र रूप से एकांत में वन क्षेत्र में विश्राम करते हैं जिन्हें मनुष्य के चलने या उनके रहने की आहट मिलने पर कभी भी आक्रोशित हो कर हमला कर सकते हैं वन विभाग एवं ग्राम पंचायतो के द्वारा ग्रामीणों को दिन के समय जंगल नहीं जाने की हिदायत एक बार फिर से दी गई है।

आमाडांड कोल माइंस में वादा-खिलाफी के खिलाफ वृहद आंदोलन

# नीलकंठ की तानाशाही नहीं चलेगी



### रविशंकर मिश्रा के नेतृत्व में फूटा स्थानीयों का आक्रोश
### परिवहन मोर्चा (अठावले) ने एसईसीएल जमुना महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** आमाडांड कोल माइंस में कार्यरत ठेका कंपनी नीलकंठ प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ठेका शर्तों की अनदेखी, स्थानीय बेरोजगारों, ड्राइवरों, मजदूरों एवं किसानों के शोषण के विरोध में परिवहन मोर्चा (अठावले) के प्रदेश सचिव रविशंकर मिश्रा के नेतृत्व में आज वृहद आंदोलन एवं प्रदर्शन किया गया। आंदोलन के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष जोरदार नारे लगाते हुए शामिल हुए और "नीलकंठ की तानाशाही नहीं चलेगी" के नारे गूंजते रहे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कंपनी ने ठेका लेते समय 70 प्रतिशत स्थानीय बेरोजगारों, ड्राइवरों व मजदूरों को रोजगार देने, भूमि अधिग्रहण के बदले प्रत्येक प्रभावित परिवार से एक व्यक्ति को नौकरी देने, किसानों को उचित मुआवजा, स्थानीय ट्रांसपोर्टरों को प्राथमिकता, श्रमिकों को नियम अनुसार वेतन, सुरक्षा उपकरण, पीएफ-ईएसआई की सुविधा तथा बाहरी लोगों की नियुक्ति पर रोक लगाने का वादा किया था, लेकिन खनन कार्य शुरू होते ही कंपनी अपने सभी वादों से मुकर गई। प्रदर्शन के दौरान एक गंभीर आरोप भी सामने आया। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने आरोप लगाया कि नीलकंठ कंपनी के मैनेजर राम विशाल दुबे द्वारा कथित रूप से 50-50 हजार रुपये लेकर भर्ती की गई है। महिलाओं ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की। यह मुद्दा प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रूप से छाया रहा और प्रदर्शनकारियों ने इसे भ्रष्टाचार से जुड़ा गंभीर मामला बताया।

प्रदेश सचिव रविशंकर मिश्रा ने कहा कि नीलकंठ कंपनी शासन के दिशा-निर्देशों को ताक पर रखकर मनमानी कर रही है। प्रदूषण के कारण खेती प्रभावित हो रही है, फिर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। यदि शीघ्र ही मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा। आंदोलन के पश्चात प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर महाप्रबंधक एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के प्रतिनिधि प्रभाकर राम त्रिपाठी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्थानीय रोजगार, भूमि प्रभावितों को नौकरी, किसानों को न्यायोचित मुआवजा, प्रदूषण नियंत्रण, श्रमिकों की सुरक्षा, बाहरी नियुक्तियों पर रोक एवं पूर्व में किए गए सभी वादों को शीघ्र पूरा करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन एवं प्रशासन की होगी। आंदोलन में प्रमुख रूप से राम भजन महरा (जिला अध्यक्ष), शैलेंद्र सिंह, बब्बू प्रसाद, संतोष कुमार शर्मा, गोविंद यादव, कृष्ण केवट, संजय, आदित्य जोधन केवट, वीरभान केवट, तेश मुखर्जी, संतोष काल, सिया भाई बैसाखिया, परसराम शुक्ला, कृष्ण द्विवेदी सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस ने की कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने जिले के पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान ने गंभीरता से लेते हुए जिला यातायात प्रभारी विनोद दुबे को कोतमा नगर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निर्देशित करते हुए व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। गुरुवार को जिला यातायात प्रभारी विनोद दुबे के निर्देशन में यातायात पुलिस के द्वारा कोतमा नगर के पोस्ट ऑफिस, पुराना सब्जी मंडी रोड, पुराना स्टेट बैंक रोड, महावीर मार्ग, स्टेशन चौक, पंचायती मंदिर रोड, पुराना अस्पताल रोड, आजाद चौक में पहुंचकर सड़कों पर खड़े दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को व्यवस्थित पार्किंग में खड़ा करने के लिए निर्देश दिए गए। सड़क पर खड़े दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को हटवाते हुए चेतावनी दे कर यह कहा गया कि अगर दोबारा सड़कों पर वाहनों को अव्यवस्थित खड़ा किया गया तो चालानी कार्यवाही की जाएगी। सबसे ज्यादा परेशानी पोस्ट ऑफिस रोड में देखने को मिलती है जहां बैंक एवं पोस्ट ऑफिस संचालित है जिसके सामने उपभोक्ताओं के द्वारा सड़क पर वहां खड़ा कर दिया जाता है साथ ही दुकानदारों के द्वारा सीमा रेखा से बाहर बढ़कर दुकान लगाते हुए सड़क पर ही दुकानों के नाम फ्लेक्स बोर्ड रख दिया जाता है जिससे आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है वहां पर पहुंचकर बैंक के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बैंक पर आने वाले उपभोक्ताओं से सड़क किनारे व्यवस्थित वाहन खड़ा करवाया जाए दुकानदारों को भी चेतावनी दी गई की सीमा रेखा से बाहर दुकान ना लगाई जाए साथ ही सड़क पर दुकानों को नाम फ्लेक्स बोर्ड ना रखा जाए अगर ऐसा करते दोबारा पाया गया तो कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही में यातायात पुलिस आरक्षक विनय मिश्रा सहित फुनगा हाइवे चौकी का स्टाफ शामिल रहा।

# हर्षोल्लास एवं गरिमामय रूप मे मनाया जाएगा जिले में गणतंत्र दिवस

### कलेक्टर ने ली आयोजन तैयारी संबंधी बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन एवं तैयारियों के संबंध में बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय रूप से सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं पुख्ता करने तथा आयोजन संबंधी जिन विभागों को जिम्मेदारी दी गई है, उन्हें निर्धारित समय में तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अनूपपुर कमलेश पुरी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी सतीश वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राशी अग्रवाल सहित सर्व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अपर कलेक्टर दिलीप पाण्डेय ने बताया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर के प्रांगण में प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी। समारोह में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी स्काउट तथा अन्य टुकड़ियों के साथ परेड का आयोजन होगा। समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए आकर्षक तथा जनजागरूकता संदेशयुक्त विभागीय झांकियां तैयार कर गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत की जांए। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा शांति के प्रतीक के रूप में गुब्बारे छोड़े जाएंगे। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण से होगा। गणतंत्र दिवस पर स्कूलों में विशेष मध्यान्ह भोजन का भी आयोजन होगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसमें चित्र प्रदर्शनी तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। कलेक्टर ने ध्वजारोहण के दौरान एवं पश्चात ध्वज संहिता का गंभीरता से पालन करने तथा जिले के सभी कार्यालयों में 26 जनवरी को प्रातः 8 बजे तक ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। आयोजन को सफल बनाने के लिए साफ-सफाई, पेयजल, पुलिस एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी की तैनाती, अतिथि, मीडिया तथा आगंतुकों कि पृथक-पृथक बैठक व्यवस्था, बैरीकेटिंग, मंच व्यवस्था आदि के संबंध में निर्देश दिए गए।